<u>समाचार</u>

# <u>एस.ई.सी.एल. ईदगाह के पास सामुदायिक भवन का लोकार्पण करेंगे राजस्व मंत्री</u>




कोरबा 01 अगस्त 2019– प्रदेश के राजस्व, आपदा प्रबंधन, पुनर्वास एवं वाणिज्यिक कर (पंजीयन एवं मुद्रांक) मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल 02 अगस्त को सायं 05 बजे वार्ड क्र. 25 स्थित एस.ई.सी.एल. ईदगाह के समीप नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल द्वारा की जाएगी तथा निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, मेयर इन काउसिंल के सदस्यगण व पार्षदगण कार्यक्रम में विशिष्ट उपस्थिति प्रदान करेंगे। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे उक्त लोकार्पण कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करे।